# रोहना-पारशिवनी पाइपलाइन मार्ग की स्थिति बदहाल

## > किसानों और राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

**पारशिवनी.**

नागपुर शहर को जल आपूर्ति करने के लिए पेंच जलाशय से नागपुर तक पाइपलाइन बिछाई गई है। इस पाइपलाइन की देखभाल के लिए नागपुर महानगर पालिका द्वारा किसानों से जमीन खरीदकर पेंच जलाशय से पारशिवनी-रोहना तक डामर रोड का निर्माण किया गया था। इस मार्ग का उपयोग किसान अपने खेतों तक पहुंचने के लिए भी करते हैं।

हालांकि, पिछले दो वर्षों से इस पाइपलाइन मार्ग पर अवैध रेत और मुरम चोरी में संलिप्त बड़े वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क की हालत दयनीय हो गई है। इन भारी वाहनों की वजह से सड़क पर जगह-जगह बड़ी दरारें आ गई हैं, जिससे किसानों और आम राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि, यह मार्ग नागपुर महानगर पालिका के अधीन आता है और इस पर निजी भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित होनी चाहिए। लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण अवैध परिवहन बेधड़क जारी है, जिससे सड़क की स्थिति और भी बदतर होती जा रही है।

स्थानीय किसानों और ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध रेत चोरी में लगे वाहनों पर तुरंत कार्रवाई करने, इस मार्ग पर कड़ी पाबंदी लगाने और जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करने की मांग की है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की संभावना है।



### अवैध परिवहन से बढ़ रहा हादसों का खतरा

अवैध खनिज परिवहन के लिए क्षमता से अधिक भरे ट्रकों की लगातार आवाजाही से सड़क की गिट्टी, मिट्टी और मुरम जगह-जगह बिखर गई है। इसके चलते छोटे वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। अब तक इस मार्ग पर कई वाहन चालकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

### प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, किसानों में आक्रोश

स्थानिक किसानों ने इस संबंध में कई बार प्रशासन से शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। किसान गुणेश भकते ने बताया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा, जिससे भविष्य में बड़े हादसे होने की आशंका बढ़ रही है।

## इंदौर-नागपुर-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में बदलाव

**नागपुर.** रेलवे प्रशासन द्वारा 20911/20912 इंदौर-नागपुर-इंदौर वंदे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस के नर्मदापुरम स्टेशन पर ठहराव प्रदान किए जाने के कारण इसके भोपाल और इटारसी स्टेशन के समय में संशोधन किया गया है, जो आज 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इटारसी जंक्शन पर 20911 वंदे भारत एक्सप्रेस अब सुबह 10:45 बजे पहुंचेगी और 10.50 बजे प्रस्थान करेगी जबकि 20912 वंदे भारत एक्सप्रेस इटारसी में शाम 7:00 बजे आएगी और 7:05 बजे रवाना होगी। इस प्रकार 20912 वंदे भारत एक्सप्रेस भोपाल में रात 8:38 बजे आएगी और 8:43 बजे रवाना होगी। निजामुद्दीन से चलकर भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी) आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पंक्चुअलिटी के पैरामीटर पर फेल साबित हुई है। रीवा से चलकर आरकेएमपी आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ऑक्यूपेंसी के पैरामीटर पर खरी नहीं उतरी। यह खुलासा आरकेएमपी, निजामुद्दीन, इंदौर, रीवा और नागपुर के लिए चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की स्टेटस पड़ताल में हुआ है।

## होमगार्ड सैनिकों का विदाई समारोह संपन्न

**सावनेर.**



सावनेर होमगार्ड समादेशक तुलसी आवते द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त हुए महिला एवं पुरुष होमगार्ड सैनिकों को सम्मानित कर विदाई दी गई। इन होमगार्ड सैनिकों ने अपने कार्यकाल में निस्वार्थ सेवा प्रदान की थी। कार्यक्रम का आयोजन सावनेर स्थित हुतात्मा स्मारक में किया गया, जहां उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस भव्य समारोह की अध्यक्षता जिला समादेशक एवं अपर पुलिस अधीक्षक रमेश धुमाल ने की। इस अवसर पर सावनेर पुलिस उपविभागीय अधिकारी अनिल म्हस्के, सावनेर तालुका मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष किशोर ढुंढेले, भाजपा शहर अध्यक्ष राजू घुगल, प्राचार्य डॉ. योगेश पाटील, प्रो. साहेबराव विरखरे, नागपुर शहर समादेशक खेमचंद मस्के, नागपुर विभाग प्रमुख सुरेंद्र ईखार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

समारोह में सेवानिवृत्त होमगार्ड सैनिक महावीर जथरे, चिंतामण कडु, आसाराम मोहबिया, शंकर चरपे, नरेश सवईतुल, धनराज राऊत, विठ्ठल बुरडे, युवराज बोरिवार, उमाशंकर बासुटिया, मायाताई बुंदाले, बेबीताई वासे, बेबीबाई गीरगुसे आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सावनेर होमगार्ड पथक अधिकारी तुलसीदास आवते द्वारा प्रस्ताविक भाषण से हुई। उन्होंने इस आयोजन को वरिष्ठ सेवानिवृत्त सैनिकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक आदर्श उदाहरण बताया। इस दौरान सावनेर पुलिस उपविभागीय अधिकारी अनिल म्हस्के ने सेवानिवृत्त सैनिकों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आश्वासन दिया कि भविष्य में यदि उन्हें या उनके परिवार को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो पुलिस विभाग उनकी हर संभव मदद करेगा। कार्यक्रम का संचालन ऋचा गोठे ने किया और आभार प्रदर्शन प्रेमचंद आवते ने व्यक्त किया। आयोजन का समापन सभी उपस्थित लोगों के स्नेहभोज के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में दिलीप चथपे, प्रकाश बावने, संजय सेंबेकर, मिलिंद गणविर, ईश्वर जैस्वाल, चंद्रशेखर बासुटिया, मनोज चवारे, किशोर अलघरे, मनोज वरठी, राजकुमार कानफाडे, दीपक गवळी, हिरामण ढवले, महिला सिपाही किरण कश्यप, अस्मिता ढोके, कल्पना इसड, देवयानी मोरे, तेजस्विनी अंबरते, वर्षा खडसे, कौशल गडकोंडाले, मीना अलोने, गीता गजभिये, ऋचा गोठे, अंकीता मोहोड, प्रणाली गजभिये, प्रणाली कोल्हेकर, अनीता उईके आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस समारोह में सावनेर, केलवद, खापा, पारशिवनी, रामटेक सहित जिले के सभी ग्रामीण पथक अधिकारी व महिला-पुरुष होमगार्ड सैनिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई।

# दिल्ली में भाजपा की जीत पर सावनेर में जश्न



**सावनेर.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बहुमत हासिल कर आम आदमी पार्टी (आप) को करारी शिकस्त दी, जबकि कांग्रेस पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल पाई। 8 फरवरी को सुबह शुरू हुई मतगणना पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की नजरें टिकी रहीं। जैसे-जैसे रुझान और नतीजे भाजपा के पक्ष में आते गए, कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता गया। जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ता सावनेर के गांधी पुतले पर एकत्रित हुए और ढोल-ताशों के साथ जमकर जश्न मनाया। पटाखे फोड़े गए और आतिशबाजी की गई।

शहर भाजपा अध्यक्ष राजू घुगल, तालुका अध्यक्ष मंदार मंगले, मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के सावनेर-कलमेश्वर विधानसभा अध्यक्ष मनोहर कुंभारे, वरिष्ठ भाजपा नेता रामराव मोवाडे, पूर्व नगरसेवक तुषार उमाटे, रविंद्र ठाकुर, सुजीत बागड़े, पींटू सातपुते सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के झंडे लेकर पहुंचे। उन्होंने एक-दूसरे को जीत की बधाई दी, गुलाल लगाकर मिठाइयां खिलाईं और पूरे जोश के साथ भाजपा की जीत का जश्न मनाया।

## अदाणी क्रिकेट टूर्नामेंट में देखने मिली दमदार पारी



**नागपुर.**

अदाणी क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 ने अपने दूसरे दिन भी खेल के रोमांच और टीम भावना का अद्भुत प्रदर्शन किया। अब सेमीफाइनल मुकाबलों की तैयारी जोरों पर है। पहले सेमीफाइनल में गोंडखैरी का मुकाबला वडधामना सीनियर से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सुराबर्डी और वडधामना जूनियर की टीमें आमने-सामने होंगी। दर्शकों और खिलाड़ियों के जोश को देखते हुए फाइनल मुकाबला और भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

यह तीन दिवसीय टूर्नामेंट वडधामना के वंदे मातरम ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें गोंडखैरी, वडधामणा, सुराबर्डी, कलंबी और साहुली की आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना है, जहाँ वे अपने हुनर को दिखा सकें। टूर्नामेंट के दूसरे दिन दर्शकों और खिलाड़ियों का जोश देखते ही बन रहा था। तीन दिवसीय टूर्नामेंट के दूसरे दिन चार रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें 120 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। परिणाम कुछ इस प्रकार रहे: सुपर किंग्स (70/7) खिलाप गोंडखैरी (113/3), सुराबर्डी (116/3) के खिलाप एमएच वॉरियर्स (67/6) सुराबर्डी, साहुली (113/2) खिलाप वडधामना सीनियर (113/0), कलंबी (70/4) खिलाप वडधामना जूनियर (147/3).

सेमीफाइनल : गोंडखैरी (95/7) खिलाप वडधामना सीनियर (96/4). सुराबर्डी (27/10) खिलाप वडधामना जूनियर (88/9). दूसरे दिन खेले गए उपरोक्त सभी चार मुकाबलों ने टूर्नामेंट को और भी रोचक बना दिया। कुल मिलाकर, आठ टीमों ने हिस्सा लिया और मैदान पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मैदान पर खेल देखने के लिए 120 दर्शकों की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस आयोजन को विशेष बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण शख्सियतों ने भी इसमें भाग लिया, जिनमें वाडी पुलिस स्टेशन के पीएसआई राजेश टाटकर, वडधामना गाँव के सरपंच धीरज अंबटकर, अदाणी के डीजीएम श्री सुनील सिंह और पंकज कुमार, आजाद यूथ फोर्स के एडवोकेट सुरेंद्र मिश्रा और आर्ट मैनेजर रविंद्र तेंदुलकर शामिल थे।

# नागपुर में मालवाहक विमानों का निर्माण

## > बोइंग शुरू करेगा प्रोजेक्ट

**नागपुर.**

विमान निर्माण की दिग्गज कंपनी बोइंग पुराने यात्री विमानों को मालवाहक विमानों में बदलने का एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शुरू करने जा रही है। यह प्रोजेक्ट नागपुर में शुरू होगा, जिससे यह शहर मालवाहक विमानों के निर्माण का केंद्र बन सकता है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी।

औद्योगिक महोत्सव के दूसरे दिन 'रक्षा क्षेत्र में अवसर' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में गडकरी ने कहा कि भारत अब हथियार निर्माण में अग्रणी बन रहा है। पहले हमारा देश बड़ी मात्रा में हथियारों का आयात करता था, लेकिन अब भारतीय निजी कंपनियां इन्हें निर्यात करने लगी हैं। उन्होंने कहा कि विदर्भ को रक्षा उपकरण निर्माण का हब बनाना हमारा लक्ष्य है, जिससे यहां से न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में हथियारों का निर्यात किया जा सके। इस अवसर पर एयर मार्शल संजीव घुराटिया ने कहा कि यदि सही दिशा-निर्देश मिले तो भारतीय निजी कंपनियां देश की सशस्त्र सेनाओं की जरूरतों को पूरा कर सकती हैं और इससे भारत आत्मनिर्भर बन सकेगा। आईआईएम नागपुर के निदेशक डॉ. भीमराया मैत्री ने कहा कि पहले शंघाई को पूरी दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब माना जाता था, लेकिन अब यह तस्वीर बदल रही है और भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है। एयर मार्शल वी. के. गर्ग ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आयात घटाने के लिए निजी कंपनियों की भूमिका अहम होती जा रही है। भारतीय कंपनियों को उत्पादन क्षमता बढ़ाने की जरूरत है, जिससे देश रक्षा क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर बन सके।

## तेजस ने किया जरूरतमंदों को साड़ी, कुर्ता पाजामा, कंबल वितरण



**कामठी.**

तेजस बहुउद्देशीय संस्था द्वारा संस्थापक अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार के नेतृत्व मे एमएसएसईबी कार्यालय समीप शिव नगर में महिलाओं को साड़ी, पुरुषों को कुर्ता पैजामा, कंबल लेकर अपने दल बल के साथ पहुँची। संस्था के मार्गदर्शक राजेश काकड़े, जगन्नाथ फाले, कुक्कू सिंह चाना, संस्था मित्र शंकर बर्मन, मिजवां रहमान, सफीक रहमान, अकक्षद मेश्राम, तेजस अरगुलेवार, रविन्द्र तांडेकर, अर्जुन उपासे, संस्था उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे, संस्थापक अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार के हस्ते इन जरूरतमंदों को वितरित किया गया।



## ग्लोबल फाउंडेशन के वसीम शेख नांदेड़ ज़िला युवा अध्यक्ष

**नागपुर.**

ग्लोबल इंटरनॅशनल फाऊंडेशन टीम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.मनीषा ठाकरे द्वारा वसीम वजीर शेख को नांदेड़ ज़िला युवा अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। कर्नाटक में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में संस्था के बोर्ड मेंबर / राष्ट्रीय सचिव डॉ.अक्षित मनीषा ठाकुर, बोर्ड मेंबर डॉ.जय संजय रामटेके, कर्नाटका राज्य की महिला अध्यक्षा अमृता ठाकुर, बिदर ज़िला अध्यक्ष/कर्नाटक राज्य सचिव विशाल चिमकुड़े, नवनियुक्त सदस्य 1 शिवानी, सत्यम काले सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# दुर्गा चौक मित्र परिवार की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

**कामठी.**

दुर्गा चौक मित्र परिवार की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दुर्गा चौक स्थित नसीब प्रिंटिंग प्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी ने बताया कि बैठक में सदस्यों ने अपने सुझाव व विचार रखें। अध्यक्ष सौमित्र नंदी ने दुर्गा चौक मित्र परिवार की वार्षिक गतिविधियों से सभी को अवगत करवाया। कोषाध्यक्ष सुधीर शंभरकर ने दुर्गा चौक मित्र परिवार के वार्षिक आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। बैठक की अध्यक्षता रवि रायबोले ने की। दुर्गा चौक मित्र परिवार के साथियों द्वारा महत्वपूर्ण बिंदु पर अपने विचार रखे गए, जिस पर



विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही दुर्गा चौक मित्र परिवार के शिवाजी महाराज जयंती उत्सव मनाने को लेकर सचिव मनोज नगरकर ने सभी को अवगत करवाया। इस अवसर पर अध्यक्ष सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, सचिव मनोज नगरकर, सहसचिव संतोष यादव, सहसचिव राजबहोर मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुधीर शंभरकर, सहसचिव देवेंद्र चकोले, सदस्य रवि लांजेवार, सदस्य दिनेश शेंडे, सदस्य खुशाल शेन्द्रे, सदस्य प्रशांत खोब्रागड़े, सदस्य प्रमोद उर्फ पम्मा यादव, सदस्य उत्तम महाजन, सदस्य चरणदास तांडेकर, सदस्य सुभाष भौंडेकर, सदस्य सुरेंद्र यादव, सदस्य अभिषेक शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें।

## छत्रपति शिवाजी महाराज को समर्पित निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता

**नागपुर.** महान देशभक्तों की गौरवशाली गाथाओं से जोड़ने और उनके आदर्शों से प्रेरित करने के उद्देश्य से शनिवार को सुराबर्डी के महात्मा फुले विद्यालय में कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों के लिए अदाणी फाउंडेशन द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज पर आधारित निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं के 18 छात्रों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता से छत्रपति शिवाजी महाराज के सुंदर चित्र बनाए। वहीं, कक्षा 8वीं के 16 छात्रों ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर निबंध लिखकर अपने विचार प्रकट किए। निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, उनके साहस, प्रशासनिक कौशल और देशभक्ति पर सुंदर लेख लिखे।

# तीसरी लाइन जल्द नागपुर से बल्लारशाह तक, नो टेंशन

## > वर्धा लाइन का काम लगभग हुआ पूरा

**नागपुर.**

उपराजधानी से वर्धा ही नहीं, बल्कि सीधे बल्लारशाह तक ट्रेन दौड़ाने का टेंशन जल्द खत्म होने वाला है, क्योंकि नागपुर-वर्धा तीसरी लाइन का काम लगभग पूरा होने की कगार पर है। जल्द ही वर्धा से बल्लारशाह तक तीसरी लाइन की घोषणा के बाद इसका काम भी नागरी तक पूरा कर लिया गया है। शेष काम साल के अंत तक हो जाएगा, जिससे नागपुर वासियों को सीधे बल्लारशाह तक बिना कोई दिक्कत सफर की सुविधा मिलने वाली है। वर्धा-बल्लारशाह के बीच बन रही थर्ड लाइन पर नागरी से चिकनी रोड स्टेशन तक तीसरी लाइन तैयार कर ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया है। अब तीसरी लाइन का कुछ ही काम शेष है। जल्द ही इसे भी पूरा कर लिया जाएगा। इधर वर्धा-नागपुर तीसरी लाइन का काम भी लगभग पूरा हो गया है।

नागपुर-मुंबई लाइन पर वर्धा के बाद दो लाइन हो जाती है। एक लाइन चैन्नई और दूसरी लाइन मुंबई की ओर जाती है। चैन्नई की ओर जाने वाली लाइन पर बल्लारशाह स्टेशन है, जो मध्य रेलवे नागपुर मंडल के दायरे में आता है। अभी तक उक्त सभी दिशा में जाने के लिए केवल अप-डाउन दो ही लाइन थीं। नागपुर-वर्धा तक जाने वाली गाड़ियों की भरमार है, क्योंकि यहां से मुंबई व चैन्नई दोनों दिशा की गाड़ियां चलानी पड़ती हैं। परिणाम स्वरूप नागपुर से वर्धा के बीच क्षमता से अधिक गाड़ियां चलाई जाती हैं।

जिससे कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जैसे ट्रेनों को जगह नहीं मिलना, आउटर पर खड़ा रखना, दुर्घटना के समय रेलवे ट्रैक ठप पड़ जाना आदि है। इन समस्याओं को देखते हुए रेलवे ने वर्ष 2018 में तीसरी लाइन की घोषणा की थी, जो नागपुर से वर्धा के बीच बनाई जानी थी। इसका काम भी शुरू हुआ। अभी नागपुर से वर्धा के बीच तीसरी लाइन का काम अंतिम चरण में है। जल्द ही यात्रियों को नागपुर से वर्धा तक तीसरी लाइन की सुविधा मिलने वाली है। इस पर अब वर्धा से बल्लारशाह तक घोषित तीसरी लाइन का काम भी साकार होने की ओर है। ऐसे में नागपुर से बल्लारशाह तक तीसरी लाइन बन जाने पर यात्रियों को और भी ज्यादा सुविधा मिलने वाली है।



### जबलपुर से बल्लारशाह तक निर्बाध होगा यातायात

नागपुर से राजनांदगांव जाने वाली ट्रेनों को अब तेजी मिलेगी। गाड़ियां गोंदिया में नहीं अटकेंगी, क्योंकि रेलवे ने 230 करोड़ की लागत से यहां रेल ओवर रेल बनाया है। ऐसे में जिन गाड़ियों को गोंदिया में नहीं रूकना, वह सीधी इसके ऊपर से होकर निकल जाएंगी। जिससे गाड़ियों का रश कम होगा और गाड़ियों को तेजी मिलने वाली है। भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी गोंदिया आरओआर (रेलवे ओवर रेल) परियोजना, जो राजनांदगांव-नागपुर तीसरी रेल लाइन परियोजना का हिस्सा है, जिस पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

## डिजिटल युग में मीडिया की सामाजिक भूमिका महत्वपूर्ण

**वाड़ी.** डिजिटल क्रांति के दौर में संचार माध्यमों की भूमिका और अधिक प्रभावी हो गई है। मीडिया अब समाज के मुद्दों को तेजी से प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है। ऐसे में डिजिटल मीडिया को सामाजिक संवेदनाओं और जागरूकता से विमुख नहीं होना चाहिए। यह विचार समाज कल्याण आयुक्त सिद्धार्थ गायकवाड़ ने व्यक्त किए। वे माता रमाई जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मीडिया को जातिवाद और सामाजिक कुरीतियों से मुक्त होकर निष्पक्ष रिपोर्टिंग करनी चाहिए, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। इस अवसर पर प्रख्यात कवि एवं राजकीय विश्लेषक ज्ञानेश वाकूडकर और पूर्व नगराध्यक्ष प्रेनाथ झाडे ने स्टूडियो का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में नगरसेवक हर्षल काकडे, नरेंद्र मेंढे, आशिष नंदागावली सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। समाज कल्याण उपायुक्त सिद्धार्थ गायकवाड़, वाड़ी के पीआई राजेश तटकरे, यातायात पीआई सारंग मीराशी, पीएसआई विजय धुमल ने भी स्टूडियो का दौरा कर उसकी सराहना की। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय प्रबोधनकार अनिरुद्ध शेवाळे एवं गायक ललित येडे, लोमेश भारती, सिद्धार्थ कव्वाल, विशाल भास्कर, अमर तागडे, किरण मेश्राम, ममता घोडेस्वार, पल्लवी नगराले सहित कुल 10 कलाकारों ने भीम गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कलाकारों को सम्मान चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार संघपाल गडलिंग ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पत्रकार सौरभ पाटील ने किया।

# ओबीसी छात्रों को नहीं मिला आधार योजना का लाभ

## > उच्च शिक्षा लेने वाले छात्र चिंतित

**नागपुर.**

सरकारी छात्रावास में प्रवेश नहीं मिलने पर राज्य सरकार की आधार योजना के तहत आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अब तक पात्र छात्रों को यह सहायता नहीं मिल सकी है। इससे उच्च शिक्षा के लिए शहर में किराए पर रहने वाले ओबीसी, वीजेपीटी, एसबीसी छात्रों की चिंता बढ़ गई है।

राज्य में ओबीसी छात्रों के लिए 52 सरकारी छात्रावास शुरू किए गए हैं। लेकिन छात्र संख्या अधिक होने के कारण जिन छात्रों को छात्रावास में प्रवेश नहीं मिला, उनके लिए 'ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले आधार योजना' लागू की गई है। यह योजना व्यावसायिक और गैर-व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए है। इसके तहत पात्र छात्रों के बैंक खाते में भोजन, निवास और जीवन-यापन भत्ता भेजा जाना था। इस योजना को इस वर्ष से लागू किया गया था और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), विमुक्त जाति, घुमंतू जनजाति (वीजेपीटी) और विशेष पिछड़ा वर्ग (एसबीसी) के छात्रों के खाते में फरवरी 2025 तक पूरी राशि जमा होने की उम्मीद थी। लेकिन अब तक पहला किश्त भी जारी नहीं किया गया है। योजना के तहत एक शैक्षणिक वर्ष के लिए महानगरों में पढ़ने वाले छात्रों को 60,000 रुपये, जिला मुख्यालयों पर पढ़ने वालों को 50,000 रुपये और तालुका स्तर पर रहने वाले छात्रों को 45,000 रुपये दिए जाने थे। लेकिन इस राशि के न मिलने से छात्रों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

छात्रों और अभिभावकों ने सरकार से जल्द से जल्द इस योजना की राशि जारी करने की मांग की है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर तबके के छात्र बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

CMYK

# जिला बैंक अध्यक्ष बच्चू कडू को सहकारिता विभाग का नोटिस

## > विभागीय संयुक्त पंजीयक ने 24 फरवरी तक मांगा जवाब

**अमरावती.**

सत्तारूढ़ दल ने उपनियमों में सुझाए गए संशोधनों को अस्वीकार नहीं किया, लेकिन अपने पांच निदेशकों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अब विपक्ष ने जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष, पूर्व विधायक बच्चू कडू पर निशाना साधा है। उनकी एक याचिका पर जिला संयुक्त रजिस्ट्रार ने अध्यक्ष बच्चू कडू को निदेशक पद से अयोग्य घोषित करने का नोटिस जारी किया है, जिससे जिले के सहकारी क्षेत्र में खलबली मची है।



बच्चू कडू के जिला मध्यवर्ती बैंक की बागडोर संभालने के बाद, पूर्व अध्यक्ष बबलू देशमुख के समूह ने सत्तारूढ़ दल के खिलाफ शिकायतें दर्ज करना शुरू कर दिया। सत्तापक्ष द्वारा लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णयों के खिलाफ मंडलीय संयुक्त निबंधकों के साथ यह उनका समूह ने सहकारिता मंत्री से लेकर हाईकोर्ट तक का सफर किया। पिछले महीने सत्तारूढ़ दल द्वारा सुझाए गए उपनियमों में संशोधन को बबलू देशमुख समूह द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद खारिज कर दिया गया था। इसके तुरंत बाद जैसे ही कोर्ट ने सत्ता पक्ष के पांच निदेशकों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को हरी झंडी दिखायी, विभागीय सह निदेशकों ने 14 फरवरी को अविश्वास प्रस्ताव के लिए विशेष बैठक बुलाई है। इस बीच, बबलू देशमुख समूह के निदेशक हरिभाऊ मोहोड ने 11 निदेशकों के साथ बच्चू कडू को बैंक निदेशक के पद से अयोग्य घोषित करने के लिए याचिका दायर की। इसमें उन्होंने सबूत दिया था कि नासिक डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने उन्हें एक मामले में एक साल की सजा सुनाई थी। उपविधि में ऐसा प्रावधान है कि जिन निदेशकों को बैंक के उपनियमों के तहत एक वर्ष से अधिक की सजा हुई है, वे पद के लिए अयोग्य हैं। इन नियमों के आधार पर विभागीय संयुक्त पंजीयक ने "आपको अयोग्य क्यों नहीं ठहराया जाना चाहिए, और आपको अगले पांच वर्षों के लिए उक्त पद धारण करने से अयोग्य क्यों नहीं ठहराया जाना चाहिए", ऐसा नोटिस बैंक अध्यक्ष बच्चू कडू को भेजा है।

### 24 फरवरी को करें अपनी गवाही दर्ज

नोटिस में कहा गया है कि कारण बताने के लिए यदि वे मौखिक बयान देना चाहते हैं, तो उन्हें 24 फरवरी को दोपहर 3 बजे अपनी गवाही दर्ज करने के लिए व्यक्तिगत रूप से या किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होना होगा। यदि समय सीमा के भीतर आवश्यक साक्ष्यों के साथ संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता है या सुनवाई में वह अनुपस्थित रहते हैं और प्रस्तुत मामले में कुछ भी कहना चाहते हैं तो इसे ध्यान में रखते हुए आगामी निर्णय लिया जाएगा।

# ट्रैक्टर ने ऑटो को मारी टक्कर, एक की मौत, एक महिला घायल

## > अन्य यात्रियों की बच गई जान

**अकोला.**

अकोला की मुर्तिजापुर तहसील में धोत्रा फटा के पास एक ट्रैक्टर ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

यह घटना रात के समय की है। अमरावती जिले के गनोरी का एक परिवार किसी देवदर्शन के लिए मुर्तिजापुर में एक स्थान पर गया था। कार्यक्रम खत्म करने के बाद ऑटो पिंजर से मुर्तिजापुर रोड होते हुए वापस गनोरी जा रहा था। तभी धोत्रा शिंदे फाटा के पास अज्ञात ट्रैक्टर ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो में सवार 35 वर्षीय गोपाल सुरेश पचरे ऑटो से नीचे गिर गए और ट्रैक्टर का पहिया उनके सिर पर चढ़ने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, छाया नीलेश पचरे गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस ट्रैक्टर की ट्रॉली में सीमेंट भरा था।



मृतक के परिजनों ने बताया कि ट्रैक्टर की एक ही फ्रंट लाइट जलने के कारण यह हादसा हुआ। घायलों को श्रीमती लक्ष्मीबाई देशमुख उपजिला अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर मुर्तिजापुर ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के संबंध में मुर्तिजापुर ग्रामीण पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया और आगे की जांच की जा रही है।

# अमरावती में 22 हजार से अधिक महिलाएं लाड़ली बहन योजन के लिए अपात्र

## > आंगनवाड़ी सेविकाओं ने सर्वेक्षण का किया बहिष्कार

**अमरावती.**

राज्य सरकार ने अब मुख्यमंत्री लड़की बहिन योजना में एक नया मानक स्थापित किया है। ऐसे में अमरावती जिले की 22 हजार 472 महिलाएं मापदंड में खरी नहीं उतरने के कारण मुख्यमंत्री की लाडली बहन के लिए अपात्र हो गयी हैं। अमरावती जिले में लाड़ली बहन योजना के लिए 7 लाख 20 हजार 575 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 6 लाख 98103 पात्र थे, जबकि 14 लाडली बहनों ने स्वयं आवेदन कर योजन का लाभ लेने से मना कर दिया। वहीं, दूसरी ओर जिले में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने पुराने फॉर्म भरने के लिए 50 रुपए की राशि नहीं मिलने के चलते लाड़ली बहन के सर्वेक्षण का बहिष्कार कर दिया है।



# इंस्टाग्राम स्टोरी विवाद में 23 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या

**हिंगनघाट.** माथनकर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई एक स्टोरी को लेकर हुए विवाद में 23 वर्षीय युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह घटना 8 फरवरी की रात करीब 11 बजे घटी।

मृतक युवक की पहचान हिमांशु किशोर चिमने के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिमांशु और आरोपी मानव जुमनाके के बीच करीब डेढ़ महीने पहले इंस्टाग्राम स्टोरी को लेकर विवाद हुआ था।

8 फरवरी की रात मानव जुमनाके ने हिमांशु को विवाद सुलझाने के लिए पिंपलगांव माथनकर बुलाया। हिमांशु अपने दो दोस्तों के साथ वहां पहुंचा, लेकिन वहां पर उसकी मानव जुमनाके से फिर बहस हो गई।

# पंजीकरण के बावजूद सोयाबीन की खरीद नहीं, किसानों को नुकसान

## > तो मूल्य अंतर की राशि देने की मांग

**अकोला.**

महाराष्ट्र के सोयाबीन उत्पादक किसानों ने फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बेचने के लिए 2024-25 सीजन में ऑनलाइन पंजीकरण किया था। सरकार द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 6 फरवरी तक थी, लेकिन इस तिथि तक पंजीकृत हजारों किसानों से सरकार ने नाफेड के माध्यम से सोयाबीन की खरीद नहीं की।

इस कारण राज्य के हजारों किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। अब किसान संगठनों की मांग है कि सरकार पंजीकृत किसानों की सोयाबीन खरीदने के लिए खरीद अवधि बढ़ाए।

यदि ऐसा नहीं किया गया, तो सरकार को किसानों को मूल्य अंतर की राशि तुरंत देने के लिए कदम उठाने चाहिए। यह मांग वाशीम जिला परिषद के पूर्व सदस्य नत्थुजी कापसे ने सरकार को सौंपे गए ज्ञापन में की है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के तहत नाफेड द्वारा सोयाबीन की खरीद शुरू में 12% से अधिक नमी होने के कारण टल गई थी। बाद में, नाफेड द्वारा बारदाना (बोरे) उपलब्ध न कराए जाने के कारण खरीद केंद्रों पर फसल की खरीद पूरी तरह से बंद हो गई। 25 जनवरी को नाफेड द्वारा बारदाना उपलब्ध कराने के बाद खरीद प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन 31 जनवरी तक ही खरीद की योजना थी।

इस बीच, खरीद केंद्र पहले से खरीदी गई सोयाबीन से भर गए थे, और वेयरहाउस तक स्टॉक पहुंचाने के लिए ट्रकों की लंबी कतारें लग गई थीं। सरकार ने बाद में खरीद की समय सीमा 6 फरवरी तक बढ़ा दी, लेकिन इसके बावजूद पंजीकृत हजारों किसानों की फसल अब भी खरीदी नहीं गई है। इस साल किसानों को अनियमित बारिश और प्राकृतिक आपदाओं के कारण भारी नुकसान झेलना पड़ा।

उत्पादन में पहले से ही कमी थी, ऊपर से बाजार में सोयाबीन की कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य से ₹ 800-₹ 900 प्रति क्विंटल कम चल रही है। इसीलिए इस साल बड़ी संख्या में किसानों ने नाफेड के तहत ऑनलाइन पंजीकरण किया।

राज्य के सोयाबीन उत्पादक किसान प्राकृतिक और आर्थिक संकटों से बुरी तरह प्रभावित हो चुके हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह खरीद अवधि 28 फरवरी तक बढ़ाए या फिर पंजीकृत किसानों को मूल्य अंतर की राशि तुरंत देने का निर्णय ले।

# अवैध रेत तस्करी कब होगी बंद

**गोंदिया.**

सड़क अर्जुनी तहसील में रेत घाट से रात में बड़ी मात्रा में रेत की तस्करी की जा रही है. राजस्व विभाग के कर्मचारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद वे इसे नजरअंदाज कर रहे हैं. ग्रामीणों द्वारा सवाल किया जा रहा है कि रेत तस्करों को खुली छूट मिल गई है और यह अवैध रेत तस्करी कब बंद होगी.

सड़क अर्जुनी तहसील के पिपरी, राका, सौंदड़, बामनी, फुटाला, वडेगांव, घाटबोरी तेली, सितेपार, कोदामेड़ी, पांढरी, घोटी, मालीजुंगा, कोसमतोंडी, रेंगेपार, घाटबोरी आदि घाटों से ट्रैक्टर और टिप्पर का उपयोग करके बड़े पैमाने पर रात के समय अवैध रेत तस्करी होने की तस्वीर सामने आई है. कुछ स्थानों पर राजस्व विभाग जल्दबाजी में कार्रवाई कर रहा है. कुछ जगहों पर रेत तस्करों को पनाह दिए जाने की तस्वीरें सामने आई हैं.

तहसील के पिपरी, राका, सावंगी, चिखली, दल्ली, सौंदड़, गोंडउमरी, कोदामेडी, घाटबोरी, परसोडी, रेंगेपार और वाडेगांव क्षेत्रों में नाले के ऊपरी हिस्से में विभिन्न स्थानों पर रेत के टीले बन गए हैं. इस रेत का निपटान रात में किया जाता है. रेत तस्करी के ठेकेदार अब परेशानी का सबब बन गए हैं. वे ट्रैक्टरों और टिप्परों का उपयोग करके अवैध रेत की तस्करी करते देखे गए हैं.

# प्रेमी से मिलने के लिए चुराई बाइक, पुलिस ने की बरामदगी

**गोंदिया.** प्यार के जुनून में दो नाबालिग लड़कियों ने बड़ा कदम उठाया और अपने प्रेमी से मिलने के लिए एक बाइक चुरा ली। यह मामला 8 फरवरी को सामने आया, जब गोंदिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों लड़कियों को हिरासत में लेकर बाइक जब्त कर ली।

मामला शहर के सिंधी कॉलोनी का है, जहां रहने वाले गोपालदास मुरजानी की बाइक उनके घर के सामने से चोरी हो गई। पुलिस जांच में पता चला कि दो नाबालिग लड़कियां सुबह करीब 10:30 बजे इलाके में पैदल घूम रही थीं और मौका देखकर बाइक चुरा ली। जैसे ही पीड़ित ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई, पुलिस ने जांच शुरू कर दी। कुछ ही समय में पुलिस ने बाइक बरामद कर ली और दोनों लड़कियों को हिरासत में ले लिया।

फरवरी को प्यार का महीना कहा जाता है, और वैलेंटाइन वीक में युवा जोड़े अपनी भावनाएं व्यक्त करने के नए-नए तरीके अपनाते हैं। लेकिन खास और अलग दिखने की चाहत में कई बार किशोर गलत रास्ता अपना लेते हैं। बताया जा रहा है कि इसी जुनून के चलते दोनों लड़कियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।

गोंदिया शहर के पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते ने बताया कि जैसे ही चोरी की जानकारी मिली, तुरंत जांच के आदेश दिए गए। जांच में सामने आया कि इस अपराध में केवल ये दो लड़कियां ही शामिल थीं या कोई और भी इसमें संलिप्त है, इस पर अभी कुछ कहना मुश्किल है। पुलिस ने दोनों लड़कियों को बाल न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें उनके माता-पिता के हवाले कर दिया गया।

# उच्च न्यायालय ने दिया जिला सहकारी बैंक चुनाव कराने का आदेश

**गोंदिया.**

जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों के लंबित चुनाव को लेकर उच्च न्यायालय ने 30 जनवरी 2025 को अपना महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। न्यायालय ने आदेश दिया कि आगामी छह माह के भीतर बैंक चुनाव संपन्न कराए जाएं। साथ ही, वर्तमान संचालक मंडल को इस अवधि में कोई बड़ा निर्णय न लेने के निर्देश दिए गए हैं।

इस फैसले से पिछले 14 वर्षों से लंबित चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। न्यायालय के इस आदेश के बाद बैंक की नियुक्ति प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है। जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक ने नाबार्ड के दिशानिर्देशों के विरुद्ध जाकर 93 वैयक्तिक सभासद बनाए थे, जिसके खिलाफ बैंक के एक सभासद ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। इस पर न्यायालय ने चुनाव प्रक्रिया पर स्थगन आदेश (स्टे) लगा दिया था, जिसके कारण पिछले 14 वर्षों से बैंक में चुनाव नहीं हो सके।

चुनाव न होने के कारण केवल 5 वर्षों के लिए चुना गया संचालक मंडल ही बैंक का संचालन कर रहा था, लेकिन अब न्यायालय के आदेश के बाद 6 माह के भीतर चुनाव कराना अनिवार्य हो गया है।

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि यदि आवश्यक हुआ तो शासन बैंक पर प्रशासक नियुक्त कर सकता है। इस फैसले के बाद बैंक की सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों पर सीमाएं लागू हो गई हैं और नियुक्ति प्रक्रिया भी बाधित हो सकती है।

# गोंदिया जिले में अलग-अलग घटनाओं में कई लोग घायल

**गोंदिया.**

गोरेगांव तहसील के सोनी निवासी आत्माराम पालिकराम पटले (51) और बोरीटोला मोहगांव निवासी राधेश्याम चेतनलाल टेंभरे (42) मोटरसाइकिल (क्र. एमएच 35 - वाई 1090) से बाजार चौक फुलचूर से मोहगांव जा रहे थे। इसी दौरान किसान चौक में एक अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि आत्माराम को मामूली चोटें आईं। आत्माराम की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच हवलदार कटरे कर रहे हैं।

गोंदिया (का). बालाघाट जिले के लिंगा देवरी निवासी बादल सुखदास बागडे (29) साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आमगांव आया था। इस दौरान आमगांव निवासी दिनेश भैयालाल तरोने (46) और तुलसी उर्फ फेक्या मेंढे ने मिलकर उसे बिना किसी कारण ईंट से मारकर घायल कर दिया। बादल की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच हवलदार कुंभरे कर रहे हैं।

गोंदिया (का). गड़चिरोली जिले के चिखली, कुरखेड़ा निवासी गोकुल अभिमन्यू खांडवाये (30) और राजेश सखाराम मडावी (24) मोटरसाइकिल (क्र. एमएच 33 - एएन 5358) से गोंदिया से आमगांव होते हुए अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान ठाणा गांव के पास एक अन्य मोटरसाइकिल (क्र. एमएच 49 - एएन 3180) के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में राजेश की मौत हो गई, जबकि गोकुल घायल हो गया। गोकुल की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक वलसे कर रहे हैं।



गोंदिया (का). रावणवाड़ी थाना क्षेत्र के दासगांव खुर्द निवासी मिथुन चेतलाल चौधरी (24) और एक महिला ने फिर्यादी के पिता के साथ विवाद करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। जब फिर्यादी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो मिथुन ने हंसिया से उसके पेट पर हमला कर दिया। वहीं, महिला आरोपी ने उसकी पीठ और कमर पर लात-घूंसों से मारकर उसे नीचे गिरा दिया। जब फिर्यादी का पिता बीच-बचाव करने आया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। फिर्यादी की शिकायत पर रावणवाड़ी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच हवलदार गौरे कर रहे हैं।

गोंदिया, ब्यूरो. जिले में रेत तस्करी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस और राजस्व विभाग की सख्ती के बावजूद अवैध रेत खनन पर लगाम नहीं लग पा रही है। इसी कड़ी में आमगांव थाना क्षेत्र के मोहनटोला में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाघ नदी से अवैध रूप से रेत ढोने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी किडंगीपार निवासी शुभम हरिचंद बहेकार (30) और रवींद्र नीलकंठ कोरे (30) के पास से एक ब्रॉस रेत और वाहन सहित कुल 8 लाख 56 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है। आमगांव पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच हवलदार उईके कर रहे हैं।

### एक की मौत, चोरी और रेत तस्करी के मामले दर्ज, ट्रैक्टर की टक्कर में दो घायल

गोंदिया, ब्यूरो. जिले में चोरी की दो घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें चोरों ने मोटरसाइकिल और आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पहली घटना आमगांव थाना क्षेत्र के गोंदिया-आमगांव मार्ग पर हुई, जहां तिगांव निवासी नरेंद्र टीकाराम नंदेश्वर (49) की मोटरसाइकिल (क्र. एमएच 31 - एफएएन 6956) किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। इस बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई जा रही है। दूसरी घटना रामनगर थाना क्षेत्र के द्वारकानगर कन्हारटोली की है। यहां सुनील वासुदेव बाला (43) अपने परिवार के साथ बाहर गया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर कुल 2 लाख 89 हजार 500 रुपये का माल चोरी कर लिया, जिसमें 2 लाख 50 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण शामिल थे। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गोंदिया जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं, चोरी और अवैध रेत तस्करी की घटनाएं चिंता का विषय बन गई हैं। पुलिस ने इन सभी मामलों में जांच शुरू कर दी है।

# वन्यजीव तस्करी मामलों का हुआ भंडाफोड़, हिरासत में चार तस्कर

## > नागपुर से एक डॉक्टर रंगे हाथ गिरफ्तार

**अकोला.**

अकोट में पुणे सीमा शुल्क विभाग और अकोला वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तेंदुए की खाल की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई के दौरान अकोट से तीन आरोपियों को तेंदुए की खाल के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी मामले में अब एक डॉक्टर को, कछुओं की तस्करी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है।

अकोट तेंदुए की खाल तस्करी मामले का मुख्य आरोपी बाबा फरार है और वन विभाग मामले की जांच कर रहा है। मास्टरमाइंड राजकुमार सिक के मोबाइल नेटवर्क के संपर्क में रहने वाले 4 आरोपियों को पैंगोलिन के साथ अमरावती जिले से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में एक और वन्य जीव तस्कर को वन विभाग ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। इस पैंगोलिन तस्करी का मुख्य सरगना किसन गायकवाड़ है। इन आरोपियों के संपर्क में रहने वाले एक वन्यजीव तस्करी डॉक्टर को जाल बिछाकर नागपुर के मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में छापा मारकर गिरफ्तार किया गया। इस मामले में वन विभाग ने फर्जी ग्राहक बनकर 10 लाख रुपये में कछुआ खरीदने का सौदा करने वाले डॉक्टर अशोक बिलालेकर को नागपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार डॉक्टर पिछले तीन साल से राजकुमार के संपर्क में था। साथ ही वन विभाग को जानकारी मिली है कि गिरफ्तार डॉक्टर के संपर्क में कई अन्य वन्य जीव तस्करी करने वाले गिरोह भी हैं। वन्य जीव तस्करी मामले में वन विभाग अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुका है।



अकोट कोर्ट ने सात आरोपियों को जेल भेज दिया है और उनमें से कछुओं की तस्करी करने वाले डॉक्टर को वन हिरासत की सजा सुनाई गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी है।

### वन्य जीव तस्करों पर शिकंजा कसने की उम्मीद

उम्मीद है कि आने वाले समय में वन्य जीवों की तस्करी करने वाले कई गिरोह वन विभाग के हत्थे चढ़ेंगे अंधविश्वास के लिए जंगली जानवरों की तस्करी करने वाले गिरोह अकोला जिले और राज्य भर में सक्रिय हो गए हैं और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध में गंभीर कार्रवाई की उम्मीद है।

# पानी की टंकी गिरने से मजदर घायल

**गोंदिया.** तिरोड़ी तहसील के सालेबर्डी में विश्रामबाबा मंदिर में निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर पर पानी की टंकी गिर गई. जिससे उसके दोनों पैर टूट गए. घायल मजदूर का नाम रामसिंह कुलपत बाभरे (55) बताया गया है.

विश्राम बाबा मंदिर को पर्यटन निधि के तहत विकास कार्यों के लिए निधि प्राप्त हुई है. इससे बुनियादी सुविधा और विकास कार्य किए जा रहे हैं. इस विकास कार्य में लोहे की रॉड खड़ी करके प्लास्टिक की पानी की टंकी स्थापित की गई थी. यह काम पिछले कुछ दिनों से चल रहा है. रविवार को मंदिर में रखरखाव का काम करने वाला कर्मचारी रामसिंह टंकी भरने के बाद इंजन बंद करने गया. इसी बीच टंकी का स्टैंड और पानी से भरी टंकी गिर गई. रामसिंह टंकी के नीचे दब गया. जब वह चिल्लाया तो आसपास के लोग दौड़ पड़े. इस घटना में रामसिंह के दोनों पैर टूट गए. उसे तुरंत गोंदिया के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया.

# अप्रमाणित कीटनाशक बना किसानों के लिए खतरा

**अकोला.**

खेतों में कीट नियंत्रण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कीटनाशक अप्रमाणित पाए गए हैं। इस मामले में संबंधित कंपनी पर दंडात्मक कार्रवाई की गई है। विभिन्न फसलों को कीटों से बचाने के लिए कीटनाशकों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। कहा जाता है कि कृषि उत्पादकता बढ़ाने में कीटनाशक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कीटनाशकों को दो प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया जाता है – अंतरप्रवाही या दैहिक कीटनाशक, जिनका अवशिष्ट या दीर्घकालीन प्रभाव होता है, और स्पर्शजन्य कीटनाशक, जिनका अवशिष्ट प्रभाव नहीं होता। किसानों द्वारा कीटनाशकों का छिड़काव मुख्य रूप से खेतों में किया जाता है, इसलिए सरकार ने इनके उपयोग के लिए कुछ मानक तय किए हैं। हालांकि, कई बार अत्यधिक मात्रा में कीटनाशकों का छिड़काव किया जाता है, जिससे उनकी विषाक्तता फसलों पर पड़ती है और फसलें नष्ट हो जाती हैं। इसीलिए कृषि विभाग बार-बार अप्रमाणित कीटनाशकों के उपयोग से बचने की सलाह देता है। अकोला जिले में एक कंपनी द्वारा वितरित किए जा रहे कीटनाशकों के अप्रमाणित होने का खुलासा हुआ है। फरीदाबाद स्थित केंद्रीय कीटनाशक प्रयोगशाला की जांच में इस बात की पुष्टि हुई। इसके बाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने संबंधित कंपनी पर 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। खरीफ सीजन 2024 में 8 जून को कृषि विभाग की टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर (येवता) स्थित वीएसपी क्रॉप साइंस कंपनी की जांच की। इस दौरान वी.जे. क्रॉप साइंस कंपनी के उत्पादित कीटनाशकों के नमूने लिए गए और अमरावती की प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए। जांच में इन्हें अप्रमाणित पाया गया। इसके बाद दूसरी बार पुष्टि के लिए फरीदाबाद स्थित केंद्रीय कीटनाशक प्रयोगशाला में भेजा गया, जहां फिर से यह अप्रमाणित पाया गया। बाजार में बिकने वाले नकली और अप्रमाणित कीटनाशकों को रोकना कृषि विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने के लिए विशेष जांच दलों द्वारा निरंतर निरीक्षण किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला कृषि विकास अधिकारी डॉ. तुषार जाधव और महेंद्र साल्के ने जानकारी दी।

किसानों को जागरूक रहना चाहिए और प्रमाणित कंपनियों के उत्पाद ही खरीदने चाहिए ताकि उनकी फसल और मेहनत बर्बाद न हो।

# जाम नदी मध्यम प्रकल्प के नहर व पर्यटन केंद्र का सर्वेक्षण

## > दुरुस्ती के निर्देश, पर्यटन केंद्र में चोरी, खिड़की-दरवाजे गायब

**कोंढाली.**

नागपुर जिले की काटोल तहसील के बोरखेड़ी-रिठी राजस्व क्षेत्र में स्थित जाम नदी मध्यम प्रकल्प किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना है। यह प्रकल्प काटोल और नरखेड़ तहसील के किसानों के लिए जीवनदायिनी मानी जाती है, क्योंकि इससे खेतों तक पानी की आपूर्ति होती है।

परियोजना के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 57 लाख रुपये की मंजूरी से एक पर्यटन केंद्र का निर्माण किया गया था। लेकिन उचित सुरक्षा व्यवस्था व जनशक्ति की नियुक्ति न होने के कारण यह केंद्र असामाजिक तत्वों का निशाना बन चुका है। खबरों के अनुसार, पर्यटन केंद्र की खिड़कियां और दरवाजे चोरी हो गए हैं और अन्य सामान भी लूट लिया गया है। यह स्थिति पर्यटन स्थल की अनदेखी को दर्शाती है, जिससे स्थानीय जनता में नाराजगी है। काटोल और नरखेड़ तहसील के किसानों को जाम नदी मध्यम प्रकल्प से नहरों द्वारा पानी की आपूर्ति की


जाम नदी पर्यटन केंद्र के हालात बेहद बदतर

> 57 लाख की मंजूरी के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा




जाती है। लेकिन वर्तमान में मुख्य नहरों में बड़े-बड़े पेड़ उग आए हैं, जिससे पानी के प्रवाह में बाधा आ रही है। इसी समस्या को लेकर काटोल विधायक चरणसिंह ठाकुर एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों और कृषि मित्रों के साथ 28-29 किमी लंबी नहर का सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नहर की सफाई और मरम्मत के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

1984 में मुख्यमंत्री वसंतदादा पाटील और कृषि मंत्री भगवंतराव गायकवाड़ ने इस प्रकल्प का भूमिपूजन किया था। 1995 में निर्माण कार्य शुरू हुआ और 1999 में इसे तत्कालीन विधायक रमेशचंद्र बंग और पूर्व मंत्री अनिल देशमुख द्वारा लोकार्पित किया गया। इस प्रकल्प से न केवल सिंचाई बल्कि काटोल नगर परिषद, एमआईडीसी और कोंढाली ग्राम पंचायत को पेयजल आपूर्ति भी की जाती है।

किसानों की सिंचाई सुविधा और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस परियोजना की उचित देखरेख और मरम्मत अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन द्वारा जल्द ही नहर की सफाई और पर्यटन केंद्र के पुनरुद्धार की योजना लागू की जाएगी।

### जल्द बनेगा प्रस्ताव

इस संबंध में जब सिंचाई प्रकल्प के ईई नरेंद्र निमज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विधायक चरणसिंह ठाकुर के निर्देश पर जाम नदी मध्यम प्रकल्प के नहरों की मरम्मत व पर्यटन केंद्र की पुनर्निर्माण योजना जल्द तैयार की जाएगी।

# इंसान को पहले इंसान बनना सीखना चाहिए: राधा मोहरील

## > शंकरराव चव्हाण इंग्लिश स्कूल का सत्कार एवं विदाई समारोह

**खापरखेड़ा.**

"शिक्षा से इंसान बड़ा तो बनता है, लेकिन संस्कारी बनेगा या नहीं, यह कहना कठिन है। इसलिए पहले इंसान को इंसान बनना सीखना चाहिए। जीवन में पैसा जरूरी है, लेकिन पैसा ही सब कुछ नहीं होता। परीक्षा में अच्छे अंक आना चाहिए, लेकिन यदि कभी अंक कम आए तो धैर्य न खोकर और अधिक मेहनत करनी चाहिए।" ये प्रेरणादायक विचार पूर्व मुख्याध्यापिका राधा मोहरील ने शंकरराव चव्हाण इंग्लिश स्कूल के सत्कार एवं विदाई समारोह में व्यक्त किये।

यह कार्यक्रम महाराष्ट्र राज्य वीज मंडल कर्मचारी शिक्षण संस्था के अंतर्गत संचालित इस विद्यालय को कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए शासन मान्यता मिलने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। यह समारोह प्रकाशनगर कॉलोनी क्लब नंबर 2, बिजली केंद्र में 8 फरवरी, शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव ईश्वर राऊत ने की, जबकि मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर चौधरी रहे। मंच पर प्राचार्य विमलप्रकाश मिश्रा, पूर्व प्राचार्य गणेश चिखले, किशोर बक्सरिया, सुनील जालंदर, विलास




महल्ले, सत्कारमूर्ति राधा मोहरील, प्राचार्य मोनाली सुरकार, चंद्रकांत मोहड, विपिन शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय को मिली नई बोर्ड मान्यता का अनावरण किया गया। विद्यालय को मान्यता दिलाने में विशेष योगदान देने वाली मुख्याध्यापिका राधा मोहरील को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, पुरुषोत्तम राम की प्रतिमा भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

इसके अलावा, विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाली लिपिक श्रद्धा लुटे, कविता निखाड़े और काकूबाई जयश्री नागदेवे को भी शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से संस्था के कोषाध्यक्ष किशोर बक्सरिया, संयुक्त सचिव सुनील जालंदर, तथा राज्य स्तरीय रस्सीखेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और कोच अर्पिता जालंदर, पियूष भोकरे व व्यवस्थापक पुष्पा बढ़िये का भी विशेष सत्कार किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था सचिव ईश्वर राऊत और किशोर चौधरी ने विद्यालय को मान्यता मिलने पर बधाई दी। इसके उपलक्ष्य में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई।

कार्यक्रम का प्रस्तावना मुख्याध्यापिका मोनाली सुरकार ने दिया, जबकि संचालन वेदिका ढगे और आभार प्रदर्शन जयश्री काटकर ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थी, शिक्षकगण और अन्य शिक्षण कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कोंढाली बीट के 528 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति परीक्षा दी

**कोंढाली.**

पुणे शिक्षण बोर्ड द्वारा हर वर्ष पूरे महाराष्ट्र राज्य में छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जाती है। इसी क्रम में, 9 फरवरी 2025 को कक्षा 5 और कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। कोंढाली बीट के अंतर्गत आने वाले कोंढाली, खुर्सापार और मासोद के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया।

कोंढाली स्थित जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 के 129 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस केंद्र के केंद्र संचालक गुरुदास कठाने थे। जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय दुधाला में कक्षा 5 के 92 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जहाँ के केंद्र संचालक कमलाकर भिंगारे थे। त्रिमूर्ति हाई स्कूल, दुधाला में कक्षा 5 के 135 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, और इस केंद्र का संचालन राजाराम खामकर द्वारा किया गया। इसके अलावा, लाखोटिया भूतड़ा हाई स्कूल, कोंढाली के कक्षा 8 के 172 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस केंद्र के निदेशक अमोल काले थे। छात्रवृत्ति परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी सफलता सुनिश्चित करना है। राज्यभर में इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सरकार द्वारा तीन वर्षों तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस परीक्षा में मराठी, गणित, विज्ञान और बुद्धि परीक्षण जैसे विषय शामिल थे। परीक्षा दो भागों में आयोजित की गई, प्रत्येक भाग 300 अंकों का था। यह परीक्षा भविष्य में छात्रवृत्ति और नवोदय परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगी। कोंढाली केंद्र के शिक्षकों ने इस परीक्षा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा में सहयोग देने वाले शिक्षकों में नीलकंठ लोहकरे, दिलीप चौकसे, रूपेश राठोड, प्रमोद बोडखे, नरेंद्र मडके, दर्शना बोडखे, अर्चना मोटे, सुनीता झाडे, बिभीषण एनेगुने, रवींद्र पवार, प्रीति धोपटे, बंडू पारसे आदि शामिल थे।

इस परीक्षा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिला है, जिससे वे अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ सकें।

# भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पांढुर्ना में बैठक संपन्न

**सौंसर.**

पांढुर्ना को नया जिला बनाए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा नए मंडल एवं बूथ संरचना को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक भाजपा जिला कार्यालय पांढुर्ना में सम्मानीय जिला अध्यक्ष संदीप मोहड के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों के मार्गदर्शन में संगठनात्मक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप मोहड ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए मंडल एवं बूथ संरचना को व्यवस्थित रूप से लागू करना हमारी प्राथमिकता है, जिससे संगठन




और अधिक सशक्त हो सके। साथ ही, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया।

इसके अलावा, जिला अध्यक्ष ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक 27 वर्ष की जीत पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा का परचम पूरे राष्ट्र में इसी तरह लहराता रहे, यह सभी कार्यकर्ताओं का संकल्प होना चाहिए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा जिला महामंत्री डॉ. उमेश कडवे, जिला उपाध्यक्ष राजू रेवतकर, लोचनजी खवसे, प्रीतम राउत, मंत्री उत्तम झा, विधानसभा संयोजक देवदास राउत, जनपद सदस्य राजेंद्र ठाकरे, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, पूर्व जनपद अध्यक्ष गणेश पद्माकर, जनपद सदस्य कमलेश उईके, भाजपा वरिष्ठ नेता सुभाषजी बालपांडे, उज्जवल सिंह चौहान, नामदेव इवनाति, जिला मीडिया प्रभारी सोमेश्वर लोनकर, सह मीडिया प्रभारी विनोद दारोकर, दिनेश चौधरी तथा भाजपा के समस्त मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए अपने सुझाव भी रखे। यह बैठक संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# स्ट्रेस, टाइम मैनेजमेंट और परीक्षा की तैयारी पर कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**सौंसर.**

जी.एच. रायसोनी विश्वविद्यालय, साईखेड़ा के तत्वावधान में नगर के नवनीत मंगल कार्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान करना तथा स्ट्रेस और टाइम मैनेजमेंट के गुर सिखाना था।

मार्गदर्शक आलोक जोशी ने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षा के दौरान समय का सही उपयोग कैसे किया जाए और तनाव को कैसे कम किया जा सकता है। उन्होंने यह भी समझाया कि विभिन्न विषयों के अनुसार कौन-कौन से करियर विकल्प उपलब्ध हैं और विद्यार्थियों को किस प्रकार की पढ़ाई करनी चाहिए।

इस कार्यक्रम में ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर श्री भास्कर गावंडे, शासकीय प्रभावती मानेकर हायर सेकेंडरी स्कूल के गुरव सर, उमरानाला आईटीआई से अंकित सर, जी.एच. रायसोनी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर सम्यक राज, विश्वविद्यालय के डीन एडमिशन अधीर गोयल, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट से डॉ. चेतन बोंदरे, रीजनल मैनेजर भरत भार्गव, वरिष्ठ शैक्षणिक मार्गदर्शक मनमोहन गिरे, देवीलाल पवार और सुखदेव कोजावले समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा की रणनीति, तनाव प्रबंधन और करियर प्लानिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मैदान पर बच्चों को खेलता देखना सुखद अनुभव: शिक्षाधिकारी प्रकाश मिश्रा

## > दिग्रस में जिला परिषद जिला स्तरीय खेल स्पर्धा का आयोजन

**दिग्रस।**

बच्चों को मोबाइल के बगैर जीवन खाली खाली लगने लगा है. बगैर मोबाइल के रहना उन्हें किसी अग्निपरीक्षा समान लगता है. ऐसे में जिला परिषद के स्कूलों के विद्यार्थियों को मैदान पर खेलता देखना बेहद सुखद है.

इस आशय का प्रतिपादन शिक्षणाधिकारी प्रकाश मिश्रा ने किया वे दिग्रस में हाल ही में आयोजित की गई जिलास्तरीय खेल, क्रीडा व सांस्कृतिक स्पर्धा के उद्घाटन पर कार्यक्रम में बोल रहे थे. इस कार्यक्रम में उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज भोयर, तहसीलदार मयुर राऊत, गट विकास अधिकारी रमेश खरोडे, आंतरराष्ट्रीय कबड्डीपटू प्यारेलाल पवार, बॅडमिंटन प्रशिक्षक शंकर बर्नेला,



गट शिक्षणाधिकारी संजय कांबले, पोपेश्वर भोयर, सतीश दर्शनवाड, मंगेश देशपांडे, क्रीडा जिला समन्वयक प्रणिता गाढवे, विस्तार अधिकारी श्रीधर कनाके, सेवानिवृत्त शिक्षणाधिकारी प्रमोद सूर्यवंशी, सामाजिक कार्यकर्ते सुधीर देशमुख, राष्ट्रीय कबड्डीपटू वसंत एडके, शतरंज खिलाड़ी बांदे बंधू, धनुर्विद्या प्रशिक्षक सुरेंद्र राठोड, शिक्षक कृती समिती अध्यक्ष पुंडलिक उबाले मंच पर उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत मान्यवरों के हाथों क्रीडा ध्वजारोहण कर मेजर ध्यानचंद और खाशाबा जाधव के प्रतिमा प्रतिमा पूजन से की गयी.

स्पर्धा के पहले दिन सभी आयु गुटों के छात्र छात्राओं के व्यक्तिगत खेल स्पर्धा संपन्न हुई. इस मौके पर अपने प्रस्ताविक भाषण में दिग्रस तालुका क्रीड़ा व कला संवर्धन मंडल अध्यक्ष तथा गटशिक्षणाधिकारी मुकेश कोंडावार ने दी.जिले भर के करीब 3 हजार खिलाडी व्यक्तिगत और संघ (टीम) क्रीडा प्रकार में अपने खेल कौशल का हुनर दिखाएंगे ऐसी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि स्पर्धा आयोजन का जिम्मा शिक्षकों की विभिन्न समितियों को सौंपा गया है जिनकी मेहनत और आपसी समन्वय से निश्चित ही यह खेल स्पर्धा का आयोजन सफल रहेगा.

उद्घाटन कार्यक्रम का संचलन आमीन चौहान ने किया वहीं केंद्र प्रमुख गिरीश दुधे ने आभार व्यक्त किया. विस्तार अधिकारी संतोष गवारे, केंद्र प्रमुख हेमंत दलवी, तालुका क्रीडा सचिव नितीन डहाके, दिग्रस तालुका शिक्षक समन्वय कृती समिति के माध्यम से तहसील की सभी शिक्षक संगठनों शारीरिक शिक्षण शिक्षक संगठन, जय भवानी क्रीडा मंडल के कबड्डी खिलाड़ी आदि ने इस आयोजन में अपना योगदान दिया.

# महाराष्ट्र में मराठी भाषा को संरक्षित रखना समय की मांग: डॉ. अंजना खताल

**भंडारा.**

महाराष्ट्र में मराठी भाषा को समृद्ध और संरक्षित रखना आज की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा, माता और मातृभूमि का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि यही हमारी संस्कृति का हिस्सा है। यदि विद्यार्थी महाराष्ट्र में मराठी भाषा को आगे बढ़ाना चाहते हैं और जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं, तो उन्हें अपनी स्कूली पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी कार्यक्रमों में भी भाग लेना चाहिए।

यह विचार मराठी महासंघ की राज्य सलाहकार डॉ. अंजना खताल ने व्यक्त किए। वे महाराष्ट्र राज्य कनिष्ठ महाविद्यालय मराठी विषय शिक्षक संघ, भंडारा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय ऑनलाइन अभिनय प्रतियोगिता में प्रभारी अध्यक्ष के रूप में बोल रही थीं। उन्होंने आगामी 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने और नकल मुक्त अभियान को सफल बनाकर सरकार का सहयोग करने का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, भंडारा की प्राचार्य रत्नप्रभा भालेराव ने किया, जबकि सह-उद्घाटन जिला परिषद, भंडारा के शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) रविंद्र सोनटक्के ने किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को नकल मुक्त अभियान के महत्व को समझाया और प्रतियोगी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मराठी महासंघ के राज्य सचिव प्रो. बालासाहेब माने, उपाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश हटवार, संरक्षक डॉ. विठ्ठल चौथल, राज्य सलाहकार




प्रो. डॉ. संजय पाटिल, विजय हेल्वेट, प्रो. अंकुश तितिरमारे समेत कई गणमान्य व्यक्ति ऑनलाइन उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में भंडारा जिले के लगभग 51 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम अगले दिन घोषित किए गए, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विभिन्न शिक्षाविदों द्वारा बधाई दी गई। उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले छात्रों को डॉ. प्रतिभा बिस्वास, डॉ. पांडुरंग कांड, डॉ. राजेंद्र सोनवणे, प्रो. यशवंत पवार, प्रो. पवन कटरे, प्रो. नामदेव मोरे, प्रो. दीपा थानेकर, प्रो. बाबासाहेब मालवे, प्रो. सुषमा पाटिल, प्रो. विजय कुमार सावंत, डॉ. शरद दुधात, प्रो. संतोष कदम, प्रो. सुनील कवरखे, प्रो. गणेश शिंदे, प्रो. सुधाकर कामथे, प्रो. वेंकट डुडिले, प्रो. अरविंद मोडक, प्रो. चांगदेव खोले, प्रो. संतोष कोठावले, प्रो. प्रशांत कवर आदि शिक्षाविदों ने शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता की योजना एवं संचालन मराठी महासंघ के राज्य कोषाध्यक्ष प्रो. संजय लेंगुरे ने किया। कार्यक्रम में प्रो. प्रांजलि दरवालकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया और विचार प्रस्तुति प्रो. जितेंद्र टिचकुले ने दी।

कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रो. छगन झांजाल, प्रो. प्रियंका बोपचे, प्रो. प्रवीण वंजारी, प्रो. दुर्गेश वंजारी ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में जिले के कई शिक्षक उपस्थित थे, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

| शुभांक | | |
| --- | --- | --- |
| श्रीदेवी | 390-2 | 170-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 128-1 | 788-3 |

# भारी लैंडस्लाइड्स से थर्राया दक्षिण-पश्चिमी चीन, 30 लोग लापता

**बीजिंग.** चीन भारी लैंड्स्लाइड से थर्रा उठा है। बताया जा रहा है कि दक्षिण-पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत में शनिवार को दिल दहला देने वाला भूस्खलन हुआ है। जिसके कारण करीब 10 घर इसकी चपेट में आ गए हैं। इस घटना में 30 लोग लापता हो गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। देश के सरकारी प्रसारक 'सीसीटीवी' द्वारा जारी खबर में बताया गया कि आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने जुनलियान काउंटी में भूस्खलन के बाद अग्निशमनकर्मियों सहित सैकड़ों बचावकर्मियों को तैनात किया है जिसके बाद मलबे में दबे दो लोगों को जीवित बाहर निकाला गया। अन्य लोगों की तलाश में टीमें जुटी हुई हैं। लोगों को जल्द से जल्द रेस्क्यू करने का प्रयास किया जा रहा है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' द्वारा जारी खबर में बताया गया कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अधिकारियों से लापता लोगों की तलाश करने तथा लोगों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का निर्देश दिया है।

# कोचिंग संस्थान संचालक की छात्रों ने पुलिस में की शिकायत

## डमी एडमिशन की फीस ली, लेकिन नही दिये जा रहे प्रवेश पत्र

**सौंसर.**

शहर में संचालित रैंकर्स होम इंपल्स कोचिंग संस्थान के संचालक पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का गंभीर मामला सामने आया है। छात्रों ने आरोप लगाया है कि कोचिंग संचालक ने उनसे स्कूल में डमी एडमिशन के लिए फीस ली थी, लेकिन अब उन्हें बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र नहीं दिए जा रहे हैं। इस समस्या को लेकर शनिवार को छात्रों ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी से शिकायत दर्ज करवाई और प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा।

छात्रों का कहना है कि वे पिछले दो वर्षों से रैंकर्स होम कोचिंग सेंटर में 11वीं और 12वीं की पढ़ाई कर रहे थे। हालांकि, दिसंबर 2024 से कोचिंग सेंटर अचानक बंद कर दिया गया। छात्रों से पूरी फीस वसूलने के बावजूद कोर्स भी अधूरा छोड़ दिया गया। ऐसे में आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्र काफी परेशान हैं क्योंकि परीक्षा की तारीख नजदीक है और उनकी पढ़ाई अधूरी रह गई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, उनकी 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से शुरू हो रही है, लेकिन उन्हें अब तक प्रवेश पत्र नहीं मिले हैं। जब छात्रों ने प्रवेश पत्र के लिए संबंधित स्कूल से संपर्क किया, तो पता चला कि कोचिंग संचालक ने उनकी फीस स्कूल में जमा ही नहीं की है।

इसके अलावा, छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि कोचिंग में पिछले पांच महीनों से शिक्षक नहीं थे, जिससे उनका 50% कोर्स अधूरा रह गया। इसके बावजूद कोचिंग संचालक उन पर शेष फीस जमा करने का दबाव बना रहा है। जब छात्रों के पालकों ने इस संबंध में शिकायत की, तो कोचिंग संचालक और प्रबंधन द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया।

### कोचिंग संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि कोचिंग संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उनके भविष्य को बचाया जा सके। छात्रों का आरोप है कि सौसर नगर में अच्छी शिक्षा देने के नाम पर पालकों से मोटी फीस वसूली जा रही है, लेकिन संबंधित विभाग इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### प्रशासन का बयान

इस मामले में थाना प्रभारी रूपलाल उइके ने बताया कि छात्रों द्वारा की गई शिकायत के आधार पर कोचिंग संस्थान की जांच की जाएगी और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।